बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 75/2014, के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **विधि** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग के वेबसाईट पर पूर्व से प्रदर्शित साक्षात्कार कार्यक्रम में निःशक्तता के आधार पर देय आरक्षण के तहत अतिरिक्त उम्मीदवारों को आमंत्रित नहीं किया गया था।

एक निशक्त उम्मीदवार से प्राप्त आपत्ति के आलोक में मेधाक्रमानुसार साक्षात्कार के लिए चयनित निःशक्त कोटि के 05(पाँच) उम्मीदवारों का अनुक्रमांक, साक्षात्कार की तिथि एवं मेधा Cut-off अंक आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर Upload कर दिया गया है।

वैसे निःशक्त अभ्यर्थी, जिन्हें उक्त कट–ऑफ अंक के समतुल्य अथवा उससे अधिक अंक होने का दावा हो, तथा जिन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, वे अपने अधिभार अंकों की गणना तालिका के साथ आपत्ति अभ्यावेदन मात्र e-mail- bpscpat-bih@nic.in पर दिनांक– 16.02.2018 को 5.00 बजे अपराह्न तक भेज सकते हैं। दिनांक– 16.02.2018 के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी अभ्यर्थियों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

13.2.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना